प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

27.07.2025 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में 76वें राज्यस्तरीय वन महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे–प्रदेशभर में एक ही दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य।
- राज्य को टीबी मुक्त बनाने के लिए आज से निक्षय पोषण किट वितरण अभियान की शुरूआत।

○ प्रदेश में एक बार फिर तेज बरसात का दौर शुरू–आज झालावाड, प्रतापगढ, डूंगरपुर और बांसवाडा जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट।

○ हरियाली तीज परम्परागत आस्था और उमंग के साथ मनाई जा रही है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़.ऑन.एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

0000

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल बिटेन और मॉलदीव की यात्रा कर स्वदेश लौटे। श्री मोदी ने कहा कि भारत मॉलदीव के साथ अपने संबधों को और मजबूत करेगा। इसके साथ ही मॉलदीव को क्षमता निर्माण में भी सहयोग करेगा।

......

श्री मोदी मॉलदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री है। मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने भी श्री मोदी के दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के आपसी संबंधों के भविष्य को नया रूप देगा।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में 76वें राज्यस्तरीय वन महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। ये आयोजन भांकरोटा स्थित जगदगुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा। कार्यकम में मुख्यमंत्री पौधरोपण कर मातृ वन की स्थापना करेंगे। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण भी किया जायेगा। श्री शर्मा इस मौके पर वन विभाग की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही वन और वन्यजीव सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को अमृता देवी पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री शर्मा सीकर जिले के मंडावरा में वन महोत्सव कार्यकम में शामिल होंगे। हरियाली तीज के पावन अवसर पर आज राज्य के सभी जिलों में वन महोत्सव आयोजित किये जा रहे है। इनमें एक ही दिन में ढाई करोड़ पौधे लगाने का लख्य रखा गया है।

0000

प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास किये जा रहे है। टीबी मुक्त राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए आज से निक्षय पोषण किट वितरण अभियान शुरू किया जा रहा है। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत जन सहयोग से टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा। इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। अजमेर की मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ज्योत्सना रंगा ने बताया कि निक्षय मित्र पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा लोगों का पंजीकरण कर पोषण सहायता को बढावा दिया जायेगा।

000000

प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आज झालावाड, प्रतापगढ, डूंगरपुर और बांसवाडा जिलों के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। बूंदी, कोटा, बारां, भीलवाडा, चित्तौडगढ, उदयपुर और सिरोही के लिए ऑरेंज अलर्ट तथा जैसलमेर को छोडकर बाकी जिलों के लिए येलो अलर्ट बताया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 29 और 30 जुलाई को पूर्वी राजस्थान में भारी से बहुत भारी वर्षा का दोर जारी रह सकता है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार है। इस बीच बीते 24 घंटों में कई जगह जोरदार बारिश हुई। पाली, प्रतापगढ, भीलवाडा, ब्यावर जोधपुर और जयपुर सहित कई जिलों में तीन इंच तक बारिश दर्ज की गयी। बीकानेर में भी कल शाम एक घंटे मूसलाधार बारिश हुई। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश के कारण कई निचले इलाकों में जल भराव हो गया।

......

कोटा संभाग में भारी बारिश के कारण चंबल और कालीसिंध सहित अन्य नदियों पर बने बांधों के गेट खोलकर पानी छोडा जा रहा है। करौली के पांचना बांध से भी दो गेट खोलकर गम्भीरी नदी में पानी की निकासी की जा रही है। उधर धौलपुर जिला प्रशासन ने भारी बरसात की चेतावनी के मद्देनजर 28 से 30 जुलाई तक सभी स्कूलों और आंगनबाडी केन्द्रों में अवकाश घोषित किया है। कई स्थानों पर भारी बरसात के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। वर्षाजनित हादसों के कारण ब्यावर में दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं भरतपुर में झरने के बहाव से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

00000

आस्था और उमंग का पर्व हरियाली तीज आज परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। इसे श्रावणी तीज भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएं शिव पार्वती का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना करती है। हरियाली तीज के अवसर पर मंदिरों में विशेष झांकियां सजायी गयी हैं। करौली में मदन मोहन मंदिर में श्रावणी तीज के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी जा रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर के अन्य मंदिरों में भी मनोहारी झूला झांकियां सजायी गयी है।

......

अजमेर में तीर्थराज पुष्कर में सावन झूला महोत्सव की शुरूआत हो रही है। हनुमानगढ और बाडमेर में भी हरियाली तीज को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न शहरों में आज तीज माता की सवारी निकाली जायेगी। इसे देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। तीज से पहले कल सिंजारा पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम हेरिटेज की ओर से दशहरा मैदान में तीज महोत्सव आयोजित किया गया।

0000